Scanned with CamScanner

Scanned with CamScanner

कॉलेज छात्राओं ने शाहवाड़ा में चलाया नो प्लास्टिक अभियान

कांकेर. पेयजल एवं स्वच्छता विभाग भारत सरकार के जल शक्ति मंत्रालय द्वारा आयोजित स्वच्छ भारत समर इंटनर्शीप प्रोग्राम के तहत ग्राम शाहवाड़ा विकासखंड चारामा में शासकीय इन्दू केंवट कन्या कॉलेज के रासेयो छात्राओं ग्रुप लीडर छात्रा खुशबू साहू, अंजू नेताम, हीन साहू तथा संस्था प्राचार्य डॉ. चेतन राम पटेल के द्वारा नो टू प्लास्टिक अभियान चलाया गया. कार्यक्रम अधिकारी प्रो. अजय कुमार पटेल के नेतृत्व एवं दिशादर्शन में इस अभियान की शुरुआत लगातार बारिश के बीच छतरी लेकर गांव के संकरी गलियों मुहल्लों जिसमें शासकीय उच्चतर माध्यमिक विदयालय शाहवाड़ा के प्रांगण से होते हुए गांव की मुख्य गली से होकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अस्पताल परिसर तक पहुंची एवं छात्र-छात्राओं द्वारा चौक चौराहों पर साफ सफाई कर कचरा इकठ्ठा कर स्वच्छता का संदेश दिया. इस दौरान संदेश में प्लास्टिक पर प्रतिबंद करने तथा उसके उपचार रिड्यूस, रियुज, रिसाइक्लिंग के बारे में विस्तार से डोर टू डोर चर्चा करते हुए लोगों को बताया गया एवं कचरे को सूखा एवं गीला कचरे में बांटना तथा उसको बायोडिग्रेडेबल तथा नॉन- बायो डिग्रेडेबल में डिस्पोज कर कम्पोस्ट खाद बनाना शामिल है. इस दौरान विद्यालय परिसर में बच्चों के बीच से नो टू प्लास्टिक विषय पर तात्कालिक भाषण, निबन्ध एवं पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई. जिसमें विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया गया. रैली को प्रेरित करने वालों में मोहन सिंह ठाकुर, ईश्वर खोबरागड़े, मन्ना राम साहू गणमान्य नागरिक, श्रवण साहू उपसरपंच, जयंत लाल मंडावी सहित महिला एवं बल विकास से आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका, मितानिन, विद्यालय के शिक्षक स्टॉफ एसके बंछोर, पी बघेल, डी सोनी, श्रीमती ध्रुव, आरके मिश्रा, जीआर गोटी, प्रतिमा दास, डीके साहू, केएस साहू, डीएस कोमरा, लता साहू स्वच्छता एवं स्वास्थ्य समिति के सदस्य मितानिन, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण कांकेर के समर्थन सदस्य राजेन्द्र शोरी, नेहरू युवा केन्द्र इकाई कांकेर से सदस्य, युवा मंडल, महिला मंडल एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के सदस्यों ने सहभागिता सक्रिय सहभागिता की. कार्यक्रम के अंत मे कार्यक्रम अधिकारी संतोष चौहान द्वारा स्वच्छता शपथ दिलाई गई.

हल्बापारा मिचेसुखई के बच्चों ने निकाली जनजागरूकता रैली

दुर्गूकोंदल. हल्बापारा मिचेसुखई में मलेरिया रोको अभियान के तहत शासकीय प्राइमरी व मिडिल स्कूल हल्बापारा मिचेसुखई के बच्चों ने गांव में जनजागरूकता रैली निकाली. इस दौरान शिक्षक अनिल दर्रो, मुकेश बघेल, हंसाराम राना, टेकेश्वर साहू, शिवलाल बघेल, लक्ष्मीनारायण कड़ियाम, लोकेश्वरी खरे व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन आदि भी शामिल थे.

कोडेकुर्से के छात्र-छात्राओं ने चलाया सफाई अभियान

दुर्गूकोदल. कन्या आश्रम कोडेकुर्से के छात्र-छात्राओं के द्वारा स्वच्छता का संदेश रैली निकाली गई और कोडेकुर्से गांव के लोगों गलियों की साफ सफाई शौचालयों के उपयोग, खान पान में साफ सफाई का संदेश दिया. इस दौरान अधीक्षिका सावित्री ठाकुर ने कहा कि गांव के नागरिक स्वच्छता पर ध्यान दें. घरों के आसपास साफ रखें. खानपान में विशेष ध्यान दें. इससे मौसमी बीमारी भी नहीं होगी. इस दौरान आश्रम अधीक्षिका, पुलिस आरक्षक व ग्रामीण उपस्थित थे.

Scanned with CamScanner